# चोला-सिकंदराबाद और ग्रेटर नोएडा के बीच विकसित होगा न्यू नोएडा

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। दादरी से खुर्जा के बीच 80 गांवों की जमीन पर दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (न्यू नोएडा) के मास्टर प्लान को शासन की मंजूरी मिल गई है। शासन ने मास्टर प्लान-2041 का अध्ययन करवाकर ग्रीन बेल्ट की जमीन बढ़वाई है। वाणिज्यिक जमीन कुछ जगहों पर कम की गई है। इस निवेश क्षेत्र को 4 चरणों में विकसित किया जाना है।

## मास्टर प्लान-2041 को शासन ने दी मंजूरी, ग्रीन बेल्ट बढ़ाई गई

शासन की मंजूरी के बाद शनिवार को हुई बैठक में नोएडा प्राधिकरण ने फैसला लिया है कि पहला चरण सिकंदराबाद-चोला और ग्रेटर नोएडा के बीच में विकसित किया जाएगा। यहां जीटी रोड और ग्रेनो के बीच न्यू नोएडा का विकास शुरू होगा। यह करीब 3 हजार हेक्टेयर का होगा। यहां से शुरुआत करने के पीछे प्राधिकरण अधिकारियों का पक्ष है कि चोला में पीएसआईडीसी ने औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया है।

दूसरी ओर सिकंदराबाद की तरफ भी औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। यहां पर औद्योगिक ईकाईयों के लिए जमीन की मांग प्राधिकरण की तरफ से करवाए गए सर्वे में सामने आई है। इसलिए यहीं से न्यू नोएडा की शुरुआत होगी। यह पहला फेज पूरी तरह से औद्योगिक होगा।